# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

### (तिथि 26 मई  2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- पूर्व उपराष्ट्रपति एम .वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी  देवेगौड़ा ने " अपनापन- नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव" नामक पुस्तक का विमोचन किया ।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी ।
- हरियाणा के मेधावी विद्यार्थियों को इसरो की दुनिया से रूबरू करवाया जाएगा - विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक और नवाचार के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए विशेष योजना तैयार की गई।
- हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा आतंकवाद से निपटने के लिए आतंकवाद रोधी दस्ते के गठन किया जाएगा ।

- लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही ने , चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में पश्चिमी कमान के " चीफ ऑफ स्टाफ" का पदभार ग्रहण किया ।

****************************************************************************

पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने आज नई दिल्ली में 'अपनापन- नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखी गई है।

इस अवसर पर श्री नायडू ने कहा कि सभी को, विशेषकर उभरते हुए राजनेताओं को, इस पुस्तक को अवश्य पढ़ना चाहिए। श्री देवेगौडा ने कहा कि यह पुस्तक एक सामान्य राजनीतिक जीवनी नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि श्री मोदी और श्री शिवराज ने जनता के कल्याण के लिए कैसे मिलकर काम किया।

इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके दशकों के अनुभव पर आधारित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें बधाई दी।

************************************************************
**********

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है प्रधानमंत्री के नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 12 वर्ष भारत का स्वर्णिम काल सिद्ध हुए हैं। इस दौरान देश ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हुई है और जनता का शासन में विश्वास बढ़ा है।

************************************************************
*********

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा आज पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में विशेष प्रावधान करते हुए मेधावी विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो की दुनिया से रूबरू कराने की घोषणा की है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु वर्ष 2026-27 के लिए यह विशेष योजना तैयार की गई है।योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य मेधावी छात्रों को इसरो के विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा, जहां वे अंतरिक्ष विज्ञान, सैटेलाइट तकनीक और रॉकेट प्रणाली जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रत्यक्ष रूप से हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान और तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार नए प्रयास कर रही है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि हरियाणा में 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।

उन्होंने 2026 के 10वीं और 12वीं परीक्षा परिणामों में बेटियों द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

***********************************************************
**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********************************************************
**********

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा है कि आतंकवाद से निपटने के लिए आतंकवादी रोधी दस्ते का गठन किया जाएगा।

श्री सिंघल आज पंचकूला पुलिस मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

श्री सिंघल ने इस बारे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा –

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि पुलिस विभाग को 750 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है, जिसे अगले दो वर्षों में पुलिस संरचना को मजबूत करने पर खर्च किया जाएगा।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के 2024 के आंकड़ों पर उठ रहे सवालों को लेकर श्री सिंघल ने कहा कि हरियाणा में हर प्रकार के अपराध की एफआईआर दर्ज की

जाती है, जिससे आंकड़े अधिक दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में बिजली चोरी और लापता मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं होती, जबकि हरियाणा में ऐसे मामलों को भी रिकॉर्ड में लाया जाता है।

उन्होंने बताया कि दादरी, यमुनानगर और झज्जर के चर्चित हत्या कांड मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं राव नरेंद्र सिंह के घर में सेंधमारी मामले में भी 7 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने आंकड़ों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर हरियाणा को अपराध में चौथे या पांचवें स्थान पर दिखाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक के अनुसार यदि बिजली चोरी और लापता मामलों को अलग कर दिया जाए तो हरियाणा अपराध के मामलों में 9वें या 10वें स्थान पर आता है।

उन्होंने कहा कि पिछले चार से पांच साल में हरियाणा में अपराध का ग्राफ कम हुआ है।

**********************************************************************

लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही ने आज चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में पश्चिमी कमान मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल पुनीत आहूजा का स्थान लिया है, जिन्होंने सेना मुख्यालय में महानिदेशक रणनीतिक योजनाकार का पदभार संभाला है।

पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल साही को दिसंबर 1988 में राजपूत रेजिमेंट की 23वीं बटालियन में कमीशन प्राप्त हुआ था। उन्हें उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों सहित सियाचिन ग्लेशियर में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

**********************************************************************

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज पंचकूला में पीजीआईएमआर व शिव कांवड़ संघ के संयुक्त तत्वावधान से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले भर से आए नौजवानों और

पुलिसकर्मियों ने बढ़चढ़ कर योगदान दिया। समाचार लिखे जाने तक लगभग 310 से अधिक रक्तदाता, रक्तदान कर चुके थे ।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार घनघस, ने बताया कि रक्तदान शिविर न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल के मार्गदर्शन में लगाया गया ।

*************************************************************
**********